राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न स्व० प्रणब मुखर्जी को राजभवन में शोक–सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई

पटना, 01 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में आयोजित एक शोक–सभा में भारतीय गणतंत्र के 13वें राष्ट्रपति भारतरत्न श्री प्रणब मुखर्जी को उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धा निवेदित की।

राजभवन में आयोजित इस 'शोक सभा' में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद सहित राजभवन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी फिजिकल डिस्टेन्सिंग के प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करते हुए स्व॰ मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। शोक–सभा में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

ज्ञातव्य है कि महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान जी ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न स्व॰ प्रणब मुखर्जी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि ''पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न स्व॰ मुखर्जी भारतमाता के सच्चे सपूत, एक विद्वान एवं लोकप्रिय राजनेता, सुविख्यात अर्थशास्त्री तथा भारतीय राजनीति के एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र थे, जिनके निधन से भारतवर्ष को एक अपूरणीय क्षति हुई है। वे राजनीति की दुनियाँ में आजीवन 'अजातशत्रु' बने रहे, जिन्हें सभी राजनीतिक दलों के नेता अभिभावकवत पूरे सम्मान के साथ देखते थे। बिहार के सतत विकास हेतु भी वे बराबर अपना मार्ग–दर्शन प्रदान करते रहते थे।''

....